तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

12 रोटरी क्लब ने किया नए रोटरी वर्ष का शुभारंभ...




12 प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में बह रही है विकास...



## खबर संक्षेप

### काम से लौट रहे युवक पर किया जानलेवा हमला

**यमुनानगर।** गांव खंडवा के पास देर रात काम से घर लौट रहे एक युवक पर 10 से 15 युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर बाइक से पीछा करते हुए आए और उसे खेतों में ले जाकर पंच तथा तेजधार हथियारों से कई वार किए। गंभीर रूप से घायल मजदूर को आरोपी मरा हुआ समझकर मौके पर छोड़कर फरार हो गए। करीब डेढ़ घंटे बाद होश आने पर पीड़ित ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद उसे गंभीर हालत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ति ने आरोप लगाया कि हमलावर उसके 30 हजार रुपये और गले में पहनी चांदी की चेन भी लूट ले गए। अनिल ने बताया कि हमलावरों ने उसके शरीर पर कई वार किए। पीड़ति का आरोप है कि हमला करने वालों में एक युवक पहले उसी के साथ फैक्ट्री में काम करता था। करीब एक माह पहले भी उक्त युवकों ने उसके ठेकेदार और उसके साथ मारपीट की थी। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** साढौरा की एक कॉलोनी से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। पुलिस ने युवती की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। साढौरा थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 21 वर्षीय लड़की 29 जून को सुबह 11 बजे बाजार में किसी काम में गई थी मगर इसके बाद वापस नहीं लौटी। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को गांव सुल्तानपुर निवासी मनीष कुमार शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी मनीष के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### घर में घुसकर युवक को पीटकर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव रामगढ़ में रंजिश के चलते आधा दर्शन से अधिक युवकों ने घर में घुसकर एक युवक पर हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। अमन कुमार ने बताया कि 26 जून को शाम साढ़े छह बजे वह अपने घर पर मौजूद था। इस दौरान आरोपी डिंपल व करनैल ने अपने साथियों जसबीर, जरनैल सिंह, सतीश, आशीष व तनिश के साथ मिलकर उनके घर में घुस गए। आरोपियों ने आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### करंट से झुलसे बच्चे की मौत, ग्रामीणों में रोष

**अंबाला।** बोह गांव में 23 जून को छत पर खेलते समय हाईटेंशन तारों की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलसे 11 वर्षीय मासूम कुणाल ने दम तोड़ दिया। हादसे में 35 प्रतिशत झुलसे दूसरे बच्चे कार्तिक का इलाज अभी भी जारी है। बता दें कि 23 जून को बोह के कुणाल और कार्तिक दोनों बच्चे छत पर कबूतर उड़ा रहे थे। इसी दौरान दोनों बच्चे वहां से गुजर रही बिजली की तारों की चपेट में आ गए। कैंट के नागरिक अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया था।

### युवक को बाइक सवारों ने गोली मारी, केस दर्ज

**समालखा।** पानीपत के गोल्डन पार्क के पास खाली प्लाट में अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे प्रदीप नामक युवक को दो बाइक सवार युवकों ने गोली मार कर घायल कर दिया। वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए, जबकि प्रदीप को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने प्रदीप पर जान लेवा हमले के मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जंगल से निकलकर जगाधरी पांवटा हाइवे पर 20 मिनट तक घूमता रहा हाथी

- रामपुर खादर में ट्यूबवेल की छत पर चढ़ा तेंदुआ, पशुपालक के बछड़े को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। जगाधरी-पांवटा हाईवे पर खड़ा जंगली हाथी। फोटो : हरिभूमि

जिले के कलेसर नेशनल पार्क से जंगली हाथी सड़क पर पहुंच गया। देर शाम हाथी जगाधरी-पांवटा नेशनल हाईवे पर करीब 20 मिनट खड़ा रहा। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं दूसरी ओर गांव रामपुर खादर में एक तेंदुआ जंगल से निकलकर ट्यूबवेल के कमरे की छत पर चढ़ गया। जिसका किसानों ने वीडियो बना लिया। दोनों घटनाओं ने ग्रामीणों और वाहन चालकों में दहशत का माहौल बना दिया है।

जानकारी के मुताबिक गत बुधवार शाम कलेसर नेशनल पार्क से निकला हाथी आराम से पांवटा राष्ट्रीय राज मार्ग पर टहलता रहा। हाथी को देखकर दोनों तरफ वाहनों का आवागमन पूरी तरह रुक गया। वाहन चालक दूर खड़े होकर उसके जंगल में लौटने का इंतजार करते रहे। हाथी लाल ढांग की ढलान से कुछ आगे सुकरो नदी के आसपास था। उसके पास में ही कलेसर गांव पड़ता है। इस दौरान लोगों ने हाथी की मोबाइल से वीडियो बनाई। जबकि कुछ लोगों ने हॉर्न बजाए और वाहनों की हेडलाइटें जलाकर हाथी को हटाने का प्रयास किया। हालांकि हाथी बिना घबराए सड़क पर घूमता रहा। हाथी करीब 20 मिनट पर हाइवे पर खड़ा रहा। इसके बाद वह जंगल में चला गया। उधर, वन्य प्राणी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कलेसर नेशनल पार्क में इन दिनों करीब छह जंगली हाथियों की मौजूदगी दर्ज की जा रही है। इस मौसम में जंगल में काफी मक्खी मच्छर पैदा हो जाते हैं। बूंदाबांदी के बाद उमस भी बढ़ जाती है। इसी से परेशान होकर जानवर पानी तथा भोजन की तलाश में अक्सर बाहर आ जते है।

### शिकार की तलाश में कलेसर नेशनल पार्क से 30 किलोमीटर दूर रामपुरा और खदरी में पहुंचा तेंदुआ



कलेसर नेशनल पार्क से करीब 30 किलोमीटर दूरी पर बसे गांवों रामपुर और खदरी में तेंदुआ देखा गया। पहले तेंदुआ बुधवार रात करीब आठ बजे रामपुर के किसान बरहमपाल के पापुलर के खेत में दिखा। उसके बाद खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे की छत पर चढ़ा दिखा। इसी दौरान ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की रोशनी में लैपर्ड का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। इसके बाद तेंदुए ने गांव खदरी में पशुपालक महक सिंह के पशु बाडे में घुसकर एक बछड़े को अपना शिकार बना लिया। तेंदुआ बछड़े को घसीटते हुए खेतों की ओर ले गया। आज वीरवार सुबह बछड़े के अवशेष खेतों से पड़े मिले।

### विभाग हाथियों व तेंदुओं की गतिविधियों पर रखे हुए है पैनी नजर

वन्य प्राणी विभाग कलेसर के इंस्पेक्टर राजवीर ने बताया कि विभाग हाथियों और तेंदुओं की गतिविधियों पर लगातार नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि तेंदुओं को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए विभागीय टीमें सक्रिय हैं और प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि जंगली जानवर दिखाई देने पर उन्हें उकसाने की बजाय तुरंत वन विभाग को सूचना दें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

## वीबी जीरामजी योजना का कुरुक्षेत्र से आगाज, श्रमिकों को मिलेगा 125 दिन का रोजगार

# हरियाणा पूरे देश में सबसे ज्यादा 409 रुपये प्रतिदिन देगा मजदूरी : पंवार

### कैबिनेट मंत्री ने शहजादपुर गांव में तालाब की खुदाई के कार्य से किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि वीबी जीरामजी के तहत पूरे देश में हरियाणा प्रदेश सबसे ज्यादा मजदूरी 409 रुपए प्रतिदिन देगा, जो अब 15 दिन की बजाए 7 दिन के अंदर मिला करेगी और यदि किसी कर्मचारी की लापरवाही साबित होती है तो उस पर अब 10 हजार रुपए की पेनल्टी लगेगा, जो पहले मात्र एक हजार रुपए थी। हेरा-फेरी को रोकने के लिए श्रमिकों की कार्यस्थल पर बायोमेट्रिक से हाजिरी होगी। इस योजना की शुरूआत होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की तरफ से इस स्कीम में 590.19 करोड़ रुपये और हरियाणा प्रदेश की तरफ से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में लगभग 370 करोड़ रुपए स्कीम में भेजें है। हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार वीरवार को श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के सभागार में हरियाणा ग्रामीण विकास विभाग के विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबी जीरामजी) प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।


कुरुक्षेत्र। समारोह में मौजूद कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व अन्य।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शहजादपुर गांव के तालाब की खुदाई के कार्य से वीबी जीरामजी योजना का शुभारंभ किया। इसके साथ ही इस कार्यक्रम को कैबिनेट मंत्री शिवराज चौहान ने ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से संबोधित किया। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने जेई अमनदीप सिंह, मैट सुनील कुमार व स्वयं सहायता समूह संचालक गांव संधोर निवासी उषा रानी को सराहनीय कार्य करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### श्रमिकों के लिए योजना लाभकारी : सुधा

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में अंत्योदय की नीति से जनता को लाभ पहुंचाया है। प्रदेश में पंक्ति के अंतिम में खड़े व्यक्ति को आगे बढ़ाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। देशभर में आज लागू हुई वीबी जीरामजी योजना का लाभ श्रमिक वर्ग को मिलेगा। इस योजना में कई प्रकार के सुधारों को करते हुए पहले से ज्यादा लाभकारी बनाया गया है। सरकार की नीतियों के चलते वर्ष 2047 से पहले ही प्रदेश विकास राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

### पात्र श्रमिक को करना होगा ऑनलाइन पंजीकरण

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार को पंचायत विभाग की निदेशक अमृता सिंह ने स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि आज 1 जुलाई को पूरे हिंदुस्तान में वीबी जीरामजी स्कीम का शुरूआत हो चुकी हैं। हरियाणा प्रदेश में इस योजना की शुरूआत धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से हो रही है। उन्होंने कहा कि पात्र श्रमिक को ऑनलाइन पंजीकरण करना है। पंजीकरण का सत्यापन, फिजिकल वेरिफिकेशन होने के बाद 15 दिन के अंदर रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। वर्षभर में 125 का काम दिया जाएगा। यदि 15 दिन में रोजगार नहीं दे सके तो उसे बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। इस योजना के तहत कार्य की मजदूरी का भुगतान सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में पेमेंट भेजकर किया जाएगा। श्रमिकों को फसल की कटाई और बिजाई के लिए 60 दिन अवकाश भी दिया जाएगा। पंचायत विभाग की निदेशक अमृता सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार व अन्य अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन और कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार के नेतृत्व में वीबी जीरामजी योजना को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। इस मौके पर श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, चेयरमैन सुभाष कलसाना, चेयरमैन रविंद्र सांगवान, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह चौहान, जिप सीईओ वीरेंद्र चौधरी, डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल, डीडीपीओ विकास कुमार, कार्यकारी अभियंता अमरेंद्र सिंह, एओ सत्यभूषण सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पानीपत में कोचिंग सेंटरों की जांच शुरू, दो के पास एनओसी


पानीपत। कोचिंग सेंटर की जांच करते हुए फायर अफसर गुरमेल सिंह।

- लापरवाह सेंटर्स को नोटिस देकर जवाब तलब करेगा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड से संज्ञान लेते हुए पानीपत प्रशासन ने नगर में चल रहे कोचिंग सेंटर्स में आग संबंधी सुरक्षा व्यवस्था की जांच शुरू की। ताकि लखनऊ जैसा हादसा पानीपत में ना हो। वीरवार को नगर निगम व दमकल विंग के अधिकारियों ने जिला नगर योजनाकार विभाग के अफसरों के साथ शहर में चल रहे सैकड़ों कोचिंग सेंटर्स की जांच की। वहीं जांच में सिर्फ दो कोचिंग सेंटर्स के पास ही दमकल की एनओसी मिली। बाकी सभी सेंटर्स बिना किसी सुरक्षा इंतजामों के धड़ल्ले से चल रहे हैं। इधर, दमकल अधिकारी गुरमेल सिंह ने बताया कि पानीपत की बिशन स्वरूप कॉलोनी सहित कई प्रमुख इलाकों में सैकड़ों की संख्या में कोचिंग सेंटर अवैध रूप से या बिना मानकों के चलाए जा रहे हैं। संयुक्त टीम जब जांच करने पहुंची, तो पाया कि अधिकांश कोचिंग सेंटर्स के पास आग बुझाने वाले बुनियादी उपकरण यानि अग्निशामक यंत्र तक उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने बताया कि कई सेंटर्स तंग गलियों और बेसमेंट में चल रहे हैं, जहां न तो वेंटिलेशन की सही व्यवस्था है और न ही किसी हादसे के वक्त बाहर निकलने के लिए आपातकालीन रास्ता बनाया गया है। इधर, सुरक्षा नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले इन सभी कोचिंग सेंटर संचालकों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। डीटीपी, दमकल विभाग व निगम की टीम द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी कोचिंग सेंटर्स को मौके पर ही नोटिस थमाए गए। वहीं, सिंह ने संचालकों को सख्त चेतावनी दी है कि वे अपने सेंटर्स में तत्काल अग्निशामक यंत्र लगवाने और फायर एनओसी की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### चौकीदारों की मांगों पर सरकार की चुप्पी से बढ़ा रोष, 5 को सीएम कैंप कार्यालय पर होगा पड़ाव

**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा ने प्रदेश सरकार पर चौकीदारों की लंबे समय से लंबित मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए 5 जुलाई को कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन और पड़ाव डालने की घोषणा की है। सभा के महासचिव कलीराम ने कहा कि मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री को मांगपत्र सौंपने के बावजूद अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे प्रदेशभर के चौकीदारों में भारी नाराजगी है।उन्होंने बताया कि जून माह में विभिन्न स्तरों पर दर्जनभर मांगपत्र भेजे गए। 22 जून को पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार और 30 जून को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को चंडीगढ़ में मांगपत्र सौंपा गया, लेकिन सरकार ने किसी भी मांग पर ठोस पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से चौकीदारों के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई, जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2025 से प्रस्तावित 2031 रुपये की बढ़ोतरी भी अभी तक फाइलों में लंबित है। सभा ने सरकार से मांग की है कि प्रतिनिधिमंडल को शीघ्र वार्ता के लिए बुलाया जाए तथा चौकीदारों के कार्य घंटे निर्धारित किए जाएं। दमकल कर्मचारियों का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जारी, मांगें पूरी नहीं होने पर अगस्त में तीन दिवसीय हड़ताल की चेतावनी

### सरकार ने पे-रोल कर्मचारियों को नियमित करने का दिया था भरोसा, आदेश जारी नहीं होने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर मुख्य दमकल केंद्र करनाल में दूसरे दिन भी कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। यूनियन ने आरोप लगाया कि सरकार ने पे-रोल फायरमैन और चालकों को नियमित करने सहित विभिन्न मांगों पर सहमति देने के बावजूद अब तक कोई आदेश जारी नहीं किया है। यूनियन नेताओं ने बताया कि 13 मई को हरियाणा भवन में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में सरकार ने 30 जून से पहले मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर लगभग 1200 पे-रोल कर्मचारियों को नियमित करने का भरोसा दिया था, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया। जिला प्रधान संदीप त्यागी ने कहा कि सरकार ने फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए दो कच्चे कर्मचारियों के परिवारों को 50-50 लाख रुपये मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी, स्थायी नीति बनाने, वन टाइम पॉलिसी के तहत नियमितीकरण, जोखिम भत्ता, वर्दी भत्ता, पे-ग्रेड तथा अन्य भत्तों सहित कई मांगों पर सहमति जताई थी, लेकिन आज तक एक भी आदेश जारी नहीं हुआ।



### 21 को पंचकूला में राज्य स्तरीय रैली करेंगी आशा वर्कर्स

**करनाल।** आशा वर्कर यूनियन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। इसके तहत 21 जुलाई को पंचकूला स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) निदेशक कार्यालय पर राज्य स्तरीय रैली आयोजित की जाएगी, जबकि 10 अगस्त को जिला स्तर पर जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर सीटू कार्यालय में जिला प्रधान नीरू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसका संचालन जिला सचिव सुदेश रानी ने किया।बैठक में सीटू जिला प्रधान बिजनेश राणा, कैशियर ओपी माटा, नीरू और सुदेश रानी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री और विभाग द्वारा लगातार आशा वर्कर्स की मांगों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने बताया कि करनाल से सैकड़ों आशा वर्कर्स 21 जुलाई की राज्य स्तरीय रैली में भाग लेंगी। इसके लिए 7 जुलाई को सिविल सर्जन करनाल को मांगपत्र का नोटिस सौंपेंगे।

### फाइनेंसर ने कैंसर पीड़ित महिला से किया दुष्कर्म

**पानीपत।** पानीपत के एक गांव की निवासी कैंसर रोग से जूझ रही महिला के साथ फाइनेंसर सोनू ने होटल में दुष्कर्म किया। आरोपी ने महिला को बर्थडे पार्टी का जश्न मनाने के बहाने होटल बुलाया था। वहीं, आरोपी सोनू ने महिला को समाज में बदनाम करने का डर दिखा कर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपी की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर महिला ने चूहे व मच्छर मारने की दवाइयां खा पी कर आत्महत्या करने की चेष्टा की। वहीं, आसपडोसियों ने महिला को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने महिला की जान बचाई। महिला की शिकायत पर थाना बापौली पुलिस ने उसकी मेडिकल जांच करवाई और बयान दर्ज किए।

## ट्रेड डील के विरोध में 28 व 29 को तालकटोरा स्टेडियम में होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

# एसकेएम ने 22-24 को सांसद कार्यालयों पर धरने का किया ऐलान

### बैठक में चैनत व कैथल के खुराना और हांसी में डंपिंग साइट के विरूद्ध धरने का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की बैठक गुरुवार को कुरुक्षेत्र स्थित जाट धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता रतन मान, कवरजीत सिंह, तेजेंद्र थिंद, सतीश और बलबीर सिंह ने की।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद किसान संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए आगामी आंदोलन की रणनीति तय की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अमेरिका सहित अन्य देशों के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार (ट्रेड) समझौतों के विरोध में 22 से 24 जुलाई के बीच प्रदेशभर में सत्ता पक्ष के सांसदों के कार्यालयों के बाहर धरने दिए जाएंगे। इसके अलावा संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर 28 जुलाई को किसानों और 29 जुलाई को किसान-मजदूरों का संयुक्त राष्ट्रीय सम्मेलन दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें हरियाणा से बड़ी संख्या में किसान भाग लेंगे। मोर्चा नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अमेरिका और अन्य देशों के साथ ऐसे व्यापार समझौते करने की तैयारी में है, जिससे भारतीय कृषि, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र को गंभीर नुकसान होगा।

### स्वीकृत ट्यूबवेल कनेक्शन शीघ्र जारी करने की मांग

बैठक में पानी की मांग को लेकर चल रहे चैनत धरने का समर्थन करते हुए धरना समिति द्वारा प्रस्तावित ज्ञापन, ट्रैक्टर मार्च और सड़क जाम जैसे आंदोलनों का भी समर्थन किया गया। साथ ही कैथल के खुराना और हांसी में डंपिंग साइट के विरोध में चल रहे धरनों के समर्थन की घोषणा की गई। संयुक्त किसान मोर्चा ने खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने, हाई टेंशन बिजली लाइनों के उचित मुआवजे, रेड जोन में ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए फुहारा विधि लागू करने की बाध्यता समाप्त करने, आबादकार किसानों को मालिकाना हक देने, गेहूं खरीद के दौरान लगाई गई फसल बिक्री संबंधी शर्तें वापस लेने तथा स्वीकृत ट्यूबवेल कनेक्शन शीघ्र जारी करने की मांग उठाई।

### ये रहे मौजूद

बैठक में बलबीर सिंह, रतन मान, कवरजीत सिंह, तेजेंद्र थिंद, सतीश, गुरभजन संधू, धर्मपाल बड़ाला, काला गामड़ा, राजीव मलिक, जोगेंद्र नैन, ओमप्रकाश शास्त्री, सुखविंदर औलख, करनैल सिंह, विजयपाल, भगत सिंह, जियालाल, सुमित दलाल, ओमप्रकाश, राजकुमार, दिलबाग, संत गोपाल दास आदि रहे।

खबर संक्षेप

## भूसे से भरे ट्रक में लगी आग, केबिन जला

**तरावड़ी।** दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर तरावड़ी के पास उस समय हडक़ंप मच गया जब एक भूसा से भरे ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रक का केबिन पूरी तरह जलकर राख हो गया। ट्रक चालक सर्वेश कुमार यादव, जो नागालैंड का निवासी बताया जा रहा है, बिहार से भूसा लेकर तरावड़ी स्थित एग्रो कंपनी में पहुंचा था। चालक के अनुसार उसने ट्रक से भूसा उतार दिया था, जिसके बाद अचानक ट्रक में आग लग गई। गनीमत रही कि चालक सुरक्षित रहा और कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## किसानों ने उठाई 12 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग

**करनाल।** नगर निगम सीमा के भीतर स्थित कृषि ट्यूबवेलों को निर्धारित आठ घंटे की बिजली आपूर्ति भी पूरी नहीं मिलने से किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। किसानों का आरोप है कि प्रतिदिन फॉल्ट या अन्य कारण बताकर बिजली सप्लाई बाधित कर दी जाती है, जिससे उन्हें केवल चार से पांच घंटे ही बिजली मिल रही है और धान की रोपाई व सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसान नेता चौधरी शक्ति सिंह ने बताया कि निगम ने कुछ दिन पहले नई अनाज मंडी बजीदा रोड और रेलवे लाइन के बीच स्थित करीब 20 से 25 कृषि ट्यूबवेलों को शहर की लाइन से हटाकर मधुबन पावर हाउस के माध्यम से गांव बजीदा जाटान की एपी फीडर लाइन से जोड़ दिया। किसानों ने कहा कि बिजली संकट के कारण धान की रोपाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। चौधरी शक्ति सिंह, बलवान सिंह, सुरेश कुमार, पूर्ण सिंह, कर्मबीर, मदनमोहन, ज्ञान सिंह, सुभाष, रामकिशन, राजपाल और ईशम सिंह ने निगम से कृषि ट्यूबवेलों के लिए कम से कम 12 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## गांवों को मिलेगा विकास का नया मॉडल: आनंद



**करनाल।** ग्राम पंचायत काछवा में वीरवार को वीबी-ग्रामजी मिशन के जन सम्मेलन एवं लॉन्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह मिशन ग्रामीण विकास का नया अध्याय साबित होगा। इससे गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, आधुनिक तकनीक का उपयोग और जनभागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति लाकर गांवों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। विधायक ने बताया कि प्रदेश में एक जुलाई से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के स्थान पर विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन लागू हो चुका है।

## बैठक में किसानों को परेशानी न होने देने के निर्देश किए जारी

# खाद की कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने जिला सचिवालय में यूरिया और डीएपी खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को खाद के लिए किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कालाबाजारी, जमाखोरी या किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए और आवश्यकता पड़ने पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाए। सरकार खाद वितरण को लेकर पूरी तरह गंभीर है। निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाए तथा वितरण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने सहायक रजिस्ट्रार अदिति सेंगर को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कृषि उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि जिले में एक लाख मीट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता है, जिसमें से 68 हजार मीट्रिक टन प्राप्त हो चुका है और 58 हजार मीट्रिक टन किसानों को वितरित किया जा चुका है। दस हजार मीट्रिक टन का स्टॉक उपलब्ध है। 60 प्रतिशत यूरिया हैफेड और 40 प्रतिशत निजी डीलरों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। 45 किलो नीम-कोटेड यूरिया बैग का सरकारी मूल्य 266.50 रुपये तथा 50 किलो डीएपी की अधिकतम खुदरा कीमत 1350 रुपये निर्धारित है। अनियमितता मिलने पर आठ डीलरों के लाइसेंस निलंबित, चार के रद्द तथा एक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

- यूरिया-डीएपी की आपूर्ति पर समीक्षा बैठक



**करनाल।** जिला सचिवालय में खाद आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

बैठक में सहायक आयुक्त (प्रशिक्षणाधीन) सोहम शैलेंद्र, कृषि विभाग, हैफेड, इफको, कृभको, एचयूआरएल, एनएफएल सहित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध बनाना

राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील, 22 सितंबर को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

हरिभूमि न्यूज़, करनाल।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि जिले में मतदाता सूची के एसआईआर अभियान के तहत अब तक 42.26 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य किसी मतदाता का नाम काटना नहीं, बल्कि मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, सटीक और पारदर्शी बनाना है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में उपायुक्त ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी दल प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। जिन मतदान केंद्रों पर अभी तक बीएलए-2 की नियुक्ति नहीं हुई है, वहां शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित की जाए,।

# शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में बताए स्वस्थ रहने के उपाय


**इंद्री।** गांव मुरादगढ़ में चल रहे योग शिविर में योग करते योग साधक ।

- 15 दिवसीय योग सहयोग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के गांव मुरादगढ़ में पतंजलि योग समिति एवं महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में करनाल आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ एवं हरियाणा योग आयोग, करनाल के नोडल अधिकारी अमित पुंज तथा भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के सोमनाथ अरोड़ा ने शिरकत की। यह प्रशिक्षण शिविर पतंजलि योग समिति के प्रभारी बलराज कांबोज एवं महिला पतंजलि योग समिति इंद्री की प्रभारी नीलम कांबोज के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में योग साधक पहुंचकर योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। नोडल अधिकारी अमित पुंज ने योग साधकों को साइटिका, सर्वाइकल, कमर दर्द सहित विभिन्न शारीरिक समस्याओं के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नियमित योग, प्राणायाम और सही जीवनशैली अपनाकर इन बीमारियों से काफी हद तक राहत पाई जा सकती है। उन्होंने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास भी करवाया तथा सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

# प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बूथ मजबूत करने का किया आह्वान

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का करनाल में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का बुधवार को करनाल आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भव्य स्वागत किया। घरौंडा विधानसभा क्षेत्र से शुरू हुई स्वागत यात्रा रेलवे रोड, नमस्ते चौक, मीरा घाटी, महाराणा प्रताप चौक, कर्ण गेट, भगवान परशुराम चौक, वाल्मीकि मंदिर, महाराजा अग्रसेन चौक और महात्मा गांधी चौक सहित अनेक स्थानों से होकर गुजरी।

हर स्थान पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा, फूलमालाओं, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया। वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर डॉ. अर्चना गुप्ता ने भगवान वाल्मीकि को नमन किया, जबकि महाराजा अग्रसेन चौक पर उन्होंने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भारत भूषण जुआल, दीपक शर्मा, प्रो. वीरेंद्र चौहान, जवाहर सैनी, संतोष अत्रेजा, सुभाष चंद्र, जगदेव पाढ़ा, मेहर सिंह कलामपुरा, अशोक सुखीजा, एडवोकेट वेद पाल, मेघा भंडारी, निर्मला बैरागी, संजय राणा, साहिल मदान, सुभाष कश्यप, मानव पुरी, डॉ. अशोक कुमार, शिवनाथ कपूर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**करनाल।** वागत समारोह के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का फूलमालाओं से अभिनंदन करते पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि।

## बिना वजह मोबाइल का अधिक इस्तेमाल सेहत के साथ खिलवाड़

**तरावड़ी।** मोबाइल पर फेसबुक, व्हाट्सएप एवं इंस्टाग्राम चलाना हर व्यक्ति की जरूरत क्यों न बन गया हो लेकिन जरूरत से अधिक इनका इस्तेमाल करना उतना ही शरीर के लिए हानिकारक है जितना इनका लाभ होता है। वह जमाना भी हुआ करता था, जब हमारे परिवार के लिए 5 पैसे की चियों से परिवार की बात पहुंचाया करते थे। उस जमाने में हमारे परिवार के पास इतने साधन नहीं हुआ करते थे जितने आज हो गए हैं। जल्दी बात पहुंचाने का डाकघर में टैलीग्राम ही एक माध्यम था लेकिन जैसे-जैसे समय बदलता चला गया तो बी.एस.एन.एल. की टैलीफोन सेवा आ गई जिसके बाद धीरे-धीरे सारा सिस्टम ही ऑनलाइन हो गया। योगेश ने बताया कि जरूरत से अधिक फोन का इस्तेमाल सेहत के लिए काफी हानिकारक होता है तथा अपने आप को बिना किसी वजह से मोबाइल में व्यस्त रखना अच्छी आदत नहीं है।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

# वीबीजी रामजी योजना से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति : चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में वीबीजी रामजी योजना के अंतर्गत 'युक्त धारा' विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वीबीजी रामजी योजना, मनरेगा की उत्तराधिकारी योजना है, जो ग्रामीण विकास को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

डॉ. चौहान ने बताया कि वीबीजी रामजी योजना के तहत अब श्रमिकों को 100 दिन की बजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा। साथ ही मजदूरी भुगतान की समय-सीमा भी 15 दिन से घटाकर सात दिन कर दी गई है, जिससे श्रमिकों को समय पर भुगतान और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का लाभ मिलेगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक एवं संस्थान के सहायक आचार्य कमलदीप सांगवान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण की रूपरेखा और विभिन्न सत्रों की जानकारी दी।

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद से आए फैकल्टी एच.के. सोलंकी ने योजना के तकनीकी प्रावधानों, प्रक्रियाओं और प्रभावी क्रियान्वयन के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी तथा प्रतिभागियों के सवालों के जवाब भी दिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के सलाहकार गुरविंदर सिंह, हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के सौरभ अरोड़ा, मोहित शर्मा, अजय कुमार सहित फतेहाबाद और रोहतक के लेखा सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा जूनियर इंजीनियर मौजूद रहे।


**करनाल।** प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान।

# आत्मचिंतन और परमात्म स्मृति को अपनाने की आवश्यकता

- ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में साप्ताहिक मुरली रूपी सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी के ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में जनकल्याण की भावना से आयोजित साप्ताहिक मुरली रूपी सत्संग में श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से भाग लिया। केंद्र संचालिका बीके सुदेश बहन ने ईश्वरीय महावाक्य मुरली का सार सुनाते हुए कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य को अपने जीवन में आध्यात्मिक जागृति, आत्मचिंतन और परमात्म स्मृति को अपनाने की आवश्यकता है। परमपिता परमात्मा शिव हमें आत्मा की पहचान कराकर जीवन को श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा देते हैं। जब मनुष्य देह अभिमान को त्यागकर स्वयं को आत्मा समझता है और परमात्मा से योग जोड़ता है, तब उसके जीवन में दिव्य गुणों का विकास होता है।

मुरली में बताया गया है कि पवित्रता, धैर्य, प्रेम, करुणा और सेवा भाव ही सच्चे धार्मिक जीवन की पहचान हैं। परमात्म स्मृति से मन की अशांति दूर होती है और आत्मिक शक्तियों का संचार होता है।आज के तनावपूर्ण वातावरण में राजयोग साधना मानव जीवन के लिए एक अमृत समान है, जो व्यक्ति को मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करती है।

# तरावड़ी : वार्ड-13 में जरा सी बरसात से ही कीचड़ से लबालब हो जाती है सड़क

- सड़क की खस्ता हालत से स्थानीय लोग हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शहर के वार्ड-13 की ईदगाह बस्ती के समीप बनी सडक़ हल्की सी बरसात होते ही कीचड़ और जलभराव से भर जाती है। सडक़ की बदहाल स्थिति के कारण स्थानीय लोगों, दुकानदारों और राहगीरों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। क्षेत्रवासियों के अनुसार सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाने से पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है।

ऐसे में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है, जबकि दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा लगातार बना रहता है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बरसात के दिनों में सडक़ की स्थिति और भी खराब हो जाती है।



न्यूज डायरी

## युवाओं को दिया जागरूकता का दिया संदेश


करनाल। चालक प्रशिक्षण संस्थान में नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को संबोधित करते उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा।

**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा चालक प्रशिक्षण संस्थान, करनाल में नशे के खिलाफ एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार और पुलिस उप-महानिरीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा के दिशा-निर्देशों में किया गया। जागरूकता एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रशिक्षुओं को नशे के प्रकार, उसके दुष्प्रभाव और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, आर्थिक स्थिति और सामाजिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा, /"ड्रग एंड ऑल ड्रीम्स/" यानी नशा व्यक्ति के सभी सपनों का अंत कर देता है। डॉ. वर्मा ने चालक प्रशिक्षुओं से कहा कि वाहन चलाते समय नींद, क्रोध और नशे—तीनों से दूर रहना आवश्यक है, क्योंकि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में इनकी बड़ी भूमिका होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षुओं और कर्मचारियों को नशा मुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई।

## घर-घर जाकर चलाया नशा जागरूकता अभियान

**करनाल।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने थाना मधुबन क्षेत्र के गांव कुटेल में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। सहायक उप निरीक्षक जगमाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घर-घर जाकर लोगों से संवाद किया और बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर गंभीर प्रभाव डालता है। बच्चों और युवाओं को विशेष रूप से शिक्षा, खेलकूद और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जगमाल सिंह ने कहा कि यदि कहीं भी नशा बेचने या सेवन की जानकारी मिले तो तुरंत संबंधित थाना पर सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। जिला पुलिस ने समाज से नशा मुक्त अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सकता है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी लाने के निर्देश

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य तेज गति से चल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एन्यूमरेशन फॉर्म के डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. आनंद कुमार शर्मा लघु सचिवालय के सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उप चुनाव आयुक्त संजय कुमार को जिले की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे थे। इस दौरान उप चुनाव आयुक्त ने सभी जिलों की समीक्षा करते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठकें करने, बीएलओ की प्रगति साझा करने तथा अनुपस्थित, मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं से संबंधित नोटिसों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा ए. श्रीनिवास भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि जिले में प्रगणन पत्रों के डिजिटाइजेशन का 42.26 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और 7 जुलाई तक शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## अभियंता शाखा के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

# पंद्रह दिनों में शुरू हों सभी प्रोजेक्ट: निगमायुक्त

- मानसून से पहले जलभराव रोकने, 192 पार्कों की निगरानी और जन शिकायतों के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने अभियंता शाखा के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर शहर में चल रहे विकास कार्यों, निर्माणाधीन परियोजनाओं और नागरिक सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य तय समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं तथा प्रत्येक परियोजना की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। बैठक में वार्डवार विकास कार्य, जलापूर्ति, सीवरेज, बरसाती नालों की सफाई, पार्कों के रखरखाव, स्ट्रीट लाइट और शिकायत निवारण व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई। निगमायुक्त ने पुरानी अनाज मंडी में निर्माणाधीन कॉमर्शियल स्पेस, जिला पुस्तकालय और आउटर बाईपास रोड जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि इन कार्यों की गति तेज कर जल्द पूरा किया जाए ताकि शहरवासियों को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने सभी अभियंताओं को फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसाती नालों की सफाई प्राथमिकता के आधार पर पूरी कराई जाए तथा सभी डिस्पोजल और ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह चालू रहें, ताकि कहीं भी जलभराव की स्थिति न बने। शहर में नियमित और निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जलापूर्ति और सीवरेज से जुड़ी शिकायतों का निर्धारित समय में समाधान किया जाए ताकि नागरिकों को परेशानी न हो। उन्होंने सभी कनिष्ठ अभियंताओं को अपने-अपने वार्ड का विस्तृत इंफ्रास्ट्रक्चर मैप तैयार करने के निर्देश दिए।


**करनाल।** विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता संबंधी दिशा-निर्देश देतीं नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा।

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष जोर

निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी विकास कार्य का वर्क ऑर्डर जारी होने के 15 दिन के भीतर कार्य शुरू होना चाहिए। अनावश्यक देरी करने वाली एजेंसियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि निर्माण सामग्री की नियमित लैब जांच कराई जाए तथा वर्कमैनशिप भी उच्च स्तर की हो। अधिकारियों को नियमित साइट निरीक्षण करने और अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश भी दिए।

## कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग

**करनाल।** कच्चे सफाई कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर नगरपालिका कर्मचारी संघ का विरोध प्रदर्शन गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने करनाल में झाड़ू प्रदर्शन कर हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और 13 मई को हुए समझौते को लागू करने की मांग दोहराई। प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान राजकुमार ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ उपप्रधान विनोद प्रोचा ने किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। सरकार ने 13 मई को नगरपालिका कर्मचारी संघ के साथ हुए समझौते के तहत कच्चे सफाई कर्मचारियों को 30 जून तक पक्का करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक न तो परिपत्र जारी किया गया और न ही कर्मचारियों को नियमित किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपने वादे से पीछे हट रही है।

### वीडियो कांफ्रेंस में उपायुक्त व संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया

# समाज की जागरूकता से ही नशे पर लगेगा अंकुश : डॉ. हरीश



पानीपत। नशे के विरूद्ध बैठक में शिरकत करते उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ व अन्य अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

हरियाणा उदय के अंतर्गत संचालित किए जा रहे कम्युनिटी पुलिसिंग एवं आउटरीच कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंस आयोजित की गई। इसमें उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ व संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों, जनसहभागिता, प्रचार-प्रसार और विभागीय समन्वय की विस्तार से समीक्षा की गई। इधर, डीसी डॉ वशिष्ठ ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप नशा मुक्त हरियाणा केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि जन-जन का अभियान बने, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से ही नशे के खिलाफ प्रभावी लड़ाई लड़ी जा सकती है।

उन्होंने ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल प्रशासन या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों, युवाओं, खिलाड़ियों अभिभावकों और आम नागरिकों की समान भागीदारी आवश्यक है। जागरूक समाज ही नशे जैसी सामाजिक बुराई पर प्रभावी अंकुश लगा सकता है।

## सुशासन की मिसाल है समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

जिला सचिवालय में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की गंभीरता से सुनवाई की तथा अधिकारियों को प्रत्येक मामले का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में पुलिस, बिजली, खाद्य एवं आपूर्ति, पेंशन विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। उपायुक्त ने प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकरण को लंबित न रखा जाए तथा निर्धारित समय सीमा में शिकायतकर्ताओं को राहत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जनहित के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी।


पानीपत। जनता समाधान शिविर में जनसुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ आदि अधिकारी।


पानीपत। सनौली रोड पर विदेशी नागरिकों को लेकर पूछताछ करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

# पानीपत में विदेशी नागरिकों की जांच शुरू

### अवैध तरीके से रह रहे विदेशियों को पकड़ेगी पुलिस

- अभियान के दौरान बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे विदेशी नागरिकों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनके दस्तावेजों की जांच की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत जिला में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान के लिए पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने विशेष सत्यापन अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत एक विशेष टीम का गठन किया गया है। जिसकी जिम्मेदारी एसआई बलवान सिंह को सौंपी गई है। पुलिस टीम द्वारा वीरवार को विशेष सर्च अभियान चलाया गया। यह टीम शहर की विभिन्न कॉलोनियों, बस्तियों, झुग्गी-झोपड़ियों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में घर-घर जाकर वहां रह रहे लोगों की पहचान करेगी।

अभियान के दौरान बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे विदेशी नागरिकों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनके दस्तावेजों की जांच की जाएगी। एसपी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना, अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करना है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि उनके आस.पास कोई संदिग्ध व्यक्ति या अवैध रूप से रह रहा विदेशी नागरिक दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। वहीं टीम इंचार्ज बलवान सिंह ने कहा कि इस अभियान से जिले में अपराधों पर नियंत्रण लगाने में काफी मदद मिलेगी और अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। इस अवसर पर उनके साथ हवलदार अशोक कुमार, ईएचसी संदीप, सिपाही बिजेंद्र तथा महिला सिपाही निशा देवी भी मौजूद रही।

# पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी सुखी होगी : डॉ नैन

### कला परिषद के निदेशक बिंदर ने पौधे रोप कर मनाया जन्मदिन

- बेहतर है कि नागरिक त्रिवेणी यानि पीपल, बरगद, नीम के पौधे अधिक से अधिक संख्या में ऐसे स्थानों पर लगाए जहां ये आसानी से पनप सकें

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। राजकीय स्कूल पाजू कलां में पौधे रोपते हुए डॉ नवीन नैन भालसी, अभिनेता बिंदर दनोदा आदि। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कला परिषद (हिसार ज़ोन) के अतिरिक्त निदेशक बिंदर दनोदा ने अपने जन्मदिन पर राजकीय स्कूल गांव पाजू कलां में अपने फैन्स, दोस्तों, रिश्तेदारों के साथ पौधे रोपे। वहीं बिंदर दनोदा के अपनी फिल्म "यमुनापुत्र अंगद" का जनता के बीच प्रचार प्रसार किया। बिंदर ने बताया कि वे इस फिल्म के हीरो है।

इधर, डॉ. नवीन नैन भालसी, राष्ट्रीय सचिव इनेलो ने भी बिंदर के साथ पौध रोपे। वहीं, डॉ नैन ने कहा कि पर्यावरण जिनता अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी, इसके मद्देनजर सभी को मानूसन के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पौध रोपने चाहिए और उनकी जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को ऐसी प्रजाति के पौध रोपने चाहिए जिन में वातावरण को साफ करने की क्षमता अधिक है। बेहतर है कि नागरिक त्रिवेणी यानि पीपल, बरगद, नीम के पौधे अधिक से अधिक संख्या में ऐसे स्थानों पर लगाए जहां ये आसानी से पनप सकें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को घना करने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए और प्रबुद्ध लोगों को पौधा रोपण से उन लोगों को भी जोडना चाहिए जो सामाजिक गतिविधियों में भागेदारी करते है या फिर रूचि लेते है। इस अवसर पर सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, सभी ने स्कूल परिसर में पौधे रोपे।


पानीपत। मुख्यमंत्री से पुरस्कार ग्रहण करते हुए ईडी पानीपत रिफाइनरी एमएल डहरिया। फोटो : हरिभूमि

# सीएम नायब सैनी ने पानीपत रिफाइनरी को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

- सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत किए गए सराहनीय कार्यों के लिए किया सम्मानित
- कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एमएल डहरिया ने यह सम्मान ग्रहण किया।

सामाजिक दायित्व और समुदाय के कल्याण के प्रति सदैव प्रतिबद्ध पानीपत रिफ़ाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स को राज्य की स्वास्थ्य सेवा को मज़बूत करने की दिशा में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत किए गए सराहनीय कार्यों के लिए हरियाणा सरकार, स्वस्थ्य विभाग ने 'विशेष प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अंबाला के नारायणगढ़ में आयोजित डॉक्टर्स डे के भव्य समारोह के दौरान प्रदान किया। पीआरपीसी की ओर से कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एमएल डहरिया ने यह सम्मान ग्रहण किया।

## न्यूज डायरी

### नशा तस्कर पकड़ा, दो दिन के रिमांड पर लिया

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने गांव मतलौडा में 30.61 ग्राम हेरोइन के साथ प्रदीप निवासी गांव वैसर जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार राकेश ने बताया कि प्रदीप पर थाना मतलौडा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। वहीं, प्रदीप को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर है, ताकि उसके साथियों को भी पकडा जा सके।

### कुत्ते को अधमरा किया, दो पर मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के कृष्णपुरा में मोनू अहलावत व कुलदीप नामक लोगों ने कुत्ते को पीट कर अधमरा कर दिया। वहीं कुत्ते की पिटाई का विरोध करने पर मोनू व कुलदीप ने राजीव व उसके परिवार को भी जान से मारने की धमकी दी। इधर, राजीव ने साक्ष्यों के साथ मोनू व कुलदीप की शिकायत कृष्णपुरा पुलिस चौकी से की। पुलिस ने मोनू व कुलदीप पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइबर अपराधियों ने व्यापारी से 1.82 लाख ठगे

**पानीपत।** पानीपत की सब्जी मंडी के प्याज व्यापारी यानि आढ़ती अमन निवासी खटीक बस्ती से सस्ते दाम पर प्याज की गाड़ी दिलवाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने 1. 82 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने बकायदा मंडी में आकर पहले विश्वास जीता और फिर फर्जी नंबर व स्कैनर भेजकर वारदात को अंजाम दिया। अमन की शिकायत पर थाना साइबर पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नहरी नाली बंद की, पूर्व सरपंच ने दी शिकायत

**इसराना।** पानीपत के गांव कारद निवासी पूर्व सरपंच रण सिंह ने अपने खेत में आ रहे नहरी पानी के नाली को पड़ोसियों द्वारा बंद करने की शिकायत एसडीएम इसराना नवदीप सिंह नैन से की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पड़ोसियों ने नाली को खत्म कर उसकी भूमि में अपनी फसल की बिजाई कर रखी है, इसके चलते उनके खेत की नहरी पानी से सिंचाई रुक गई है। इधर, एसडीएम नैन ने रण सिंह की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना निवासी विवाहिता की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने पति बिट्टू निवासी गांव बडवासनी जिला सोनीपत, सास मनजीत देवी, सुसर रघुवीर, ननद रीना व राखी पर दहेज उत्पीड़न के आरोप में केस दर्ज करवाया है। इधर, पुलिस ने विवाहिता की शिकायत की जांच शुरू कर दी है।

### अजीजुल्लापुर में नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में वीरवार को जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने गांव अजीजुल्लापुर व हुडा सेक्टर 13/17 में डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और नशे की लत से होने वाले सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### बंद मकान से चोरी के मामले में आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने तहसील कैंप के भगत नगर में बंद मकान से सोने के जेवरात चोरी करने के आरोपी अमृत पुत्र ललीत कुमार निवासी भगत नगर तहसील कैंप, पानीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना तहसील कैंप में विश्वास की शिकायत पर केस दर्ज है।

### एसआईआर का काम 14 तक पूरा होगा

**पानीपत।** पानीपत जिला में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर जिला प्रशासन पूरी गंभीरता और सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारी सुकुमार सेन द्वारा आयोजित वीडियो समीक्षा बैठक में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिले में चल रहे अभियान की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति, चुनौतियों तथा आगामी कार्य योजना पर चर्चा की ।

### ऋण स्कीम का लाभ उठाने का आह्वान किया

**पानीपत।** हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा चलाई जा रही व्यक्तिगत ऋण स्कीम की जानकारी देते हुए निगम की जिला प्रबन्धक रोहिता घारू ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए 60 केसों (20 अन्य श्रेणी व 40 अनुसूचित जाति) का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, पात्र महिलाओं को उपरोक्त योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

### डीआरओ करवाएंगे रविदास सभा वार्ड सात के चुनाव

**पानीपत।** रजिस्ट्रार जनरल के आदेश के अनुपालन में गुरु रविदास सभा, वार्ड सात के चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला राजस्व अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया गया है। प्रशासक ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभा के सभी संभावित सदस्यों का सत्यापन कराया जाएगा।

### किसान सभा ने आंदोलन की चेतावनी दी

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा और संयुक्त किसान मोर्चा के जिला प्रतिनिधिमंडल ने गांव पट्टी कल्याणा कैनाल जल समिति के किसानों की शिकायत के संबंध में एक्सिस बैंक पानीपत के प्रबंधक को लिखित नोटिस सौंपते हुए एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान करने का अल्टीमेटम दिया। चेतावनी दी गई कि समाधान नहीं होने पर 10 जुलाई के बाद बैंक गेट पर किसानों के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन और घेराव किया जाएगा।

### सत्र 2026-27 के लिए आईटीआई प्रवेश 15 तक

**पानीपत।** आईटीआई प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को विभाग ने बड़ी राहत दी है। तकनीकी कारणों से पहले उपलब्ध नहीं हो सकी ट्रेड चॉइस फिलिंग की सुविधा अब 3 जुलाई से 15 जुलाई तक दोबारा शुरू कर दी गई है यह जानकारी आईटीआई बापौली के मुखिया संदीप खर्ब ने दी।

# गणेशी बाई के नेत्रदान से दो लोगों के जीवन में होगी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

जन सेवा दल, सिविल अस्पताल से जुड़े सेवा भावी अरोड़ा परिवार ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए स्वर्गीय गणेशी बाई अरोड़ा के निधन के बाद उनका नेत्रदान कराया। उनके पुत्र देवेंद्र अरोड़ा, राजेंद्र अरोड़ा तथा पुत्री कांता कावतरा ने यह निर्णय लिया। जिससे दो जरूरतमंद लोगों को नई रोशनी मिलेगी। अर्पणा हॉस्पिटल करनाल की नेत्रदान टीम तथा जन सेवा दल के प्रधान कृष्ण मनचंदा, सचिव चमन गुलाटी और कमल गुलाटी के सहयोग से नेत्रदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जन सेवा दल ने इस अवसर पर लोगों से मृत्यु के बाद नेत्रदान का संकल्प लेने की अपील की।


पानीपत। स्व. गणेशी बाई के परिजन प्रमाण पत्र ग्रहण करते हुए।

### दादा लख्मीचंद ट्रस्ट की वेबसाइट शुरू

- पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा तथा भाजपा नेत्री बेला भाटिया ने किया शुभारंभ

**पानीपत।** दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ वीरवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा तथा भाजपा नेत्री बेला भाटिया ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर गिरीश मानव, नरेंद्र गर्ग, सुरेश शर्मा, युवराज आदि मौजूद रहे।



पानीपत। इनर व्हील क्लब की नवनियुक्त टीम। फोटो : हरिभूमि

### जनसेवा का विस्तार करेगा इनर व्हील क्लब

**पानीपत।** सेवा और समर्पण को समर्पित इनर व्हील क्लब पानीपत अपने नव वर्ष के पहले दिन श्री सनातन धर्म मंदिर में पूजन कर भगवान से विश्व शांति व कल्याण की प्रार्थना की। वहीं, क्लब की पदाधिकारियों ने जरूरतमंद लोगों को कढी व चावल का प्रसाद बांटा। जबकि समाज की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉ. वंदना पाहुजा व डॉ रचना मुतनेजा को इनर व्हील मोमेंटो व उपहार देकर सम्मानित किया। जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट डे पर चार्टर्ड अकाउंटेंट दीपिका अरोड़ा व रजनी गोयल सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब की नवनियुक्त अध्यक्ष अलका भाटिया, सचिव अनीता शर्मा, नीरू विज, अंजू भाटिया आदि ने कहा कि इनर व्हील क्लब की सामाजिक सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।

**सम्मेलन** समालखा में वीबी-ग्राम जी अधिनियम के क्रियान्वयन को लेकर सम्मेलन हुआ

# वीबी-ग्राम जी से ग्रामीण विकास विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को गति मिलेगी : शर्मा

- 2047 के संकल्प को साकार करने में ग्रामीण क्षेत्रों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा


समालखा। वीबी-ग्राम जी अधिनियम पर आयोजित सम्मेलन में भाग लेते हुए ग्रामीण प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को गति देने के उद्देश्य से लागू किए गए वीबी-ग्राम जी अधिनियम-2025 के तहत गुरुवार को खंड कार्यालय समालखा में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योजना के उद्देश्यों, प्रावधानों और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को विस्तार से जानकारी दी गई। सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों, पंचायत विभाग के अधिकारियों तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। इधर, जिला परिषद की अध्यक्ष ज्योति शर्मा ने कहा, वीबी-ग्राम जी अधिनियम केवल रोजगार उपलब्ध कराने की योजना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित गांवों की मजबूत नींव है। सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ योजना का क्रियान्वयन करें ताकि प्रत्येक पात्र परिवार को इसका लाभ मिल सके। सरकार की मंशा के अनुरूप गांवों में विकास कार्यों को गति देना और लोगों की आजीविका को सशक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रोग्राम अधिकारी रण सिंह वर्मा ने बताया कि विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में ग्रामीण क्षेत्रों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। इस अवसर पर समाजसेवी प्रदीप शर्मा, बीडीपीओ समालखा शक्ति सिंह, एसडीओ कमल शर्मा, पीओ (वीबी-ग्रामग) रण सिंह आदि उपस्थित रहे।

### फर्जी नंबर प्लेट लगी स्कॉर्पियो पकड़ी

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने फर्जी नंबर प्लेट और चेसिस नंबर लगी स्कॉर्पियो-एन गाड़ी के साथ आरोपी प्रदीप निवासी गांव महावटी हाल निवासी कुहाड़ पाना समालखा को गिरफ्तार किया है। थानेदार राकेश ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने टोटल लॉस स्कॉर्पियो-एन खरीदी थी। बाद में दिल्ली के मायापुरी में संपर्क कर वह टोटल लॉस स्कार्पियों एन गाड़ी देकर और कुछ रुपए और खर्च कर उसने यह दूसरी गाड़ी तैयार करवाई। टोटल लॉस गाड़ी का इंजन और चेसिस नंबर तैयार कराई उक्त स्कॉर्पियों एन गाड़ी पर अंकित करवा दिए तथा उसी गाड़ी की नंबर प्लेट भी लगा दी, ताकि पुलिस जांच के दौरान पकड़ में न आए और आगे चलकर गाड़ी को बेच सके। इधर, प्रदीप पर थाना समालखा में केस दर्ज करवाया गया है।

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्त हरियाणा पर होगा कार्यक्रम

**अंबाला।** मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण गुप्ता तथा मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष अधिकारी (सामुदायिक पुलिसिंग और आउटरीच) पंकज नैन ने वीसी के माध्यम से आउटरीच कार्यक्रम हरियाणा उदय के अंतर्गत 11 जुलाई 2026 को पंचकूला में नशा मुक्त हरियाणा जागरूकता के तहत कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के आयोजन बारे एवं इसमें अधिक से अधिक एनजीओ व अन्य प्रतिभागी शामिल हो। प्रधान सचिव अरूण गुप्ता एवं मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष अधिकारी पंकज नैन ने बताया कि 11 जुलाई को इंद्रधनुष स्टेडियम में प्रातः 11 बजे नशा मुक्त हरियाणा जागरूकता के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### भर्ती रैली के लिए दिए निर्देश

**अंबाला।** मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीसी के माध्यम से अग्निवीर स्कीम के तहत प्रदेश में चार जगहों पर आयोजित की जाने वाली सेना भर्ती रैली के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अग्निवीर स्कीम के तहत रोहतक, भिवानी/चरखी दादरी, अंबाला तथा हिसार में भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। उन्होने बताया कि पहली भर्ती 22 जुलाई को रोहतक में की जाएगी। उसके उपरांत चिन्हित तिथियों पर रैलियों का किया जाएगा। अंबाला में 12 अक्तूबर से 25 अक्तूबर तक जवानों की भर्ती होगी।

### भारतीय जनता पार्टी की अर्थव्यवस्था हुई मजबूत

**अंबाला।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के सफल 12 वर्ष पूरे होने पर देश और प्रदेश वासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष सेवा, सुशासन, और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। इन 12 वर्षों में भारत ने अर्थ व्यवस्था से लेकर सुरक्षा और तकनीक के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। कटारिया ने कहा कि वर्ष 2014 में जब देश में भाजपा नीत एनडीए की सरकार बनी थी, तब देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर 11वें स्थान पर थी।

### समाधान शिविरों में हो रहा समाधान

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। नगराधीश आज अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शिविर में पंहुचे प्रार्थियों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान हेतु तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगराधीश ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने हेतु प्रदेशभर में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें हैं।

## नए साल के शुभारंभ पर आयोजित हवन यज्ञ में सभी ने डाली आहुतियां




# रोटरी क्लब ने किया नए रोटरी वर्ष का शुभारंभ डॉक्टरों व चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रोटरी क्लब ऑफ अंबाला ने नए रोटरी वर्ष 2026-27 का शुभारंभ आध्यात्मिक एवं सकारात्मक वातावरण में हवन समारोह के आयोजन के साथ किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने ईश्वर से प्रार्थना कर नए वर्ष में सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने, समाज कल्याण एवं मानव सेवा के संकल्प को दोहराया। यज्ञा में मुख्य अतिथि डिप्टी गवर्नर इलेक्ट एमपी गुप्ता थे। गुप्ता ने न्यू रोटरी ईयर की शुभ कामनाएं दी साथ ही नई टीम को आशीर्वाद दिया। समारोह में रोटरी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया तथा क्लब की नई टीम के सफल कार्यकाल के लिए मंगलकामना की। हवन के उपरांत सभी सदस्यों ने आपसी सौहार्द और सेवा भावना के साथ रोटरी के आदर्श को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के बाद सदस्यों के लिए नाश्ते का आयोजन किया गया। इसी दिन रोटरी क्लब ऑफ अंबाला द्वारा डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे का भी भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के प्रतिष्ठित डॉक्टर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों को समाज और रोटरी के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से मानव जीवन की रक्षा करते हैं जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों ही वर्ग समाज निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### नए रोटरी वर्ष में सेवा कार्यों को मिलेगी नई गति

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. विवेक मल्होत्रा ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि रोटरी क्लब आने वाले वर्ष में सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। परियोजना अध्यक्ष रोटेरियन अनुज वर्मा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। क्लब सचिव रोटेरियन डॉ. आरआर सूरी ने मंच का संचालन करते हुए बताया कि नए रोटरी वर्ष की शुरुआत सकारात्मक सोच, आध्यात्मिक ऊर्जा और सेवा के संकल्प के साथ की गई है। उन्होंने सभी सदस्यों से समाज हित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोटेरियन एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 220 फुट गहरे बोरवेल से बच्चे को निकालने में देशी तकनीक कारगर

## एनडीआरएफ व सेना के तमाम प्रयास फेल हुए, बोरिंग का काम करने वाले युवक की तकनीक आई काम, छह घंटे की कसरत के बाद बाहर निकाला शव

- चार तक घंटे अफसरों ने नहीं दिया मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

220 फुट गहरे बोरवेल में गिरे चार साल के निरवैर सिंह को निकालने में एनडीआरएफ व सेना की तमाम कोशिशें फेल रही। पर 45 साल के गुरिंद्र सिंह की देशी तकनीक कारगर साबित हुई। प्रशासन की ओर से उसे देरी से अनुमति मिली अन्यथा निरवैर को पहले बोरवेल से निकाला जा सकता था। छह घंटे की कसरत के बाद देशी तकनीक से बच्चे का शव बाहर निकाला गया। दरअसल पंजाब के संगरूर के गांव मंगवाल का रहने वाला गुरिंद्र सिंह पेशे से बोरवेल का काम करता है। वह 28 सालों से बोरवेल का काम कर रहा है।



### शिकंजे में फंसाए थे दोनों हाथ

बच्चे का शव गहरे बोरवेल से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाने वाले गुरिंद्र सिंह ने बताया कि उसे धन्यौड़ा गांव के हैप्पी ने हादसे की सूचना दी थी। सूचना के बाद भाई सोनी व भतीजे हरमन को लेकर वह साढ़े 4 बजे मौके पर पहुंचा था। हालांकि शुरूआत में किसी को उसकी तकनीक पर यकीन नहीं हुआ। लंबी कसरत के बाद साढ़े नौ बजे प्रशासन की ओर से उसे अपनी तकनीक से काम करने की इजाजत दी गई। उसने बताया कि पहले बच्चे उसने बोरवेल में गिरे बच्चे की स्थिति जांची। फिर जवानों की मदद से ही रस्सी व लोहे का सांचानुमी कुंडी तैयार की गई। कुछ ही देर बाद बच्चे के एक हाथ में रस्सी डाली। उसने बताया कि जब बच्चे के दूसरे हाथ में रस्सी डालने लगे तो भीतर कैमरे पर मिट्टी का पानी आने से काफी दिक्कत आई। बार_बार मिट्टी वाला पानी कैमरे पर गिर रहा था। इसी वजह से दूसरे हाथ में रस्सी डालने में करीब तीन घंटे का समय लग गया। उसने बताया कि जब बच्चे के दूसरे हाथ में भी रस्सी बंध गई थी और खींचना शुरू कर दिया था। दोनों हाथ में रस्सी फंसने के बाद जब बच्चे को ऊपर खींचकर निकालने लगे तो बच्चे की गर्दन बोरवेल में फंस गई। इसके बाद चौथी कुंडी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद गर्दन को सीधा कर खींचा गया। गुरिंद्र के मुताबिक जब वह धीरे-धीरे काम कर रहे थे कि 170 फीट पर आने के बाद बोरवेल का कैमरा ही खराब हो गया। उसे ठीक करने में डेढ़ घंटा लग गया। इसके बाद शव को बाहर निकाला गया। उसने साफ कहा कि अगर उसे प्रशासन की ओर से पहले अनुमति मिल जाती तो बच्चे को पहले बाहर निकाला जा सकता था। एनडीआरएफ की तमाम तकनीक फेल होने के बाद ही एसडीएम ने उसे काम करने के आदेश दिए।

### बच सकता था बच्चा

गहरे बोरवेल से बच्चे के शव को बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाने वाले गुरिंद्र सिंह की परिजनों ने भी तारीफ की। परिवार ने कहा कि अगर गुरिंद्र सिंह को पहले सूचना दे दी जाती तो शायद उनका बच्चा जिंदा बाहर निकल सकता था। उन्होंने प्रशासन से भी ऐसे लोगों को बचाव दल में शामिल करने का आग्रह किया है। बता दें कि गुरिंद्र सिंह पहले भी ऐसे कई अभियान में शामिल हो चुका है। देशी तकनीक से वह कई बच्चों को ऐसे गहरे बोरवेल से बाहर निकाल चुका है।

### परिवार में अभी भी मातम

चार साल के निरवैर की दुनिया से विदाई हो चुकी है। पोस्टमार्टम के बाद परिवार की ओर से उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। अभी भी पूरे परिवार में मातम का माहौल है। खासकर बेटे की विदाई से पिता व मां का बेहद बुरा हाल है। दोनों का रो रोकर बुरा हाल है। सगे संबंधी दोनों को इस सदमे से बाहर लाने का प्रयास कर रहे हैं। मगर परिवार में दुख का सैलाब है। परिजनों ने बताया कि बड़ी मन्नतों के बाद निरवैर उनकी जिंदगी में आया था। मगर चार साल में ही वह उनहें छोड़कर चला गया।

# सोसायटी के कार्यालय का शुभारंभ 500 पौधे लगाने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सर्व धर्म समाज कल्याण सोसायटी के नए कार्यालय का शुभारंभ वीरवार को अंबिका विहार परशुराम नगर में अनुशासन समिति के चेयरमैन धर्म सिंह जस्सल के बगीचे में बने भवन में किया गया। इस अवसर पर संस्था की मासिक बैठक राष्ट्रपति अवार्डी राजेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

चेयरमैन राजेंद्र कौशिक, प्रधान कृष्ण गोपाल धीमान तथा कन्वीनर सूबेदार निर्मल सिंह रंधावा ने बताया कि संस्था के संचालन के लिए कार्यालय का कमरा धर्म सिंह जस्सल ने निशुल्क उपलब्ध कराया है। उनकी इस सराहनीय पहल पर उपस्थित सदस्यों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि संस्था द्वारा इस वर्ष 500 पौधे लगाने के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए वर्षा ऋतु के दौरान विशेष पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को व्यापक जन सहयोग से सफल बनाने का भी आह्वान किया गया। सर्वसम्मति से सुमित मेंदीरत्ता तथा कुलभूषण राणा को संस्था का नया सदस्य बनाया गया। साथ ही संस्था के कार्यालय के सुचारू संचालन के लिए प्रधान कृष्ण गोपाल धीमान की अध्यक्षता में एडवोकेट देवी दयाल भारद्वाज एवं धर्म सिंह जस्सल को शामिल करते हुए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई।

समिति को नियमों के अनुसार कार्यालय के लिए दस कुर्सियां एवं एक टेबल खरीदने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के दौरान इस माह जन्मदिन मना रहे चेयरमैन राजेंद्र कौशिक, शिवदयाल शर्मा, भूषण कुमार शोरी एवं जोगींदर पाल कौशल को शुभकामनाएं दी गईं। जगदीश लाल शर्मा, एडवोकेट देवी दयाल भारद्वाज, संजय गौड़ तथा सुभाष चन्द्र शर्मा को उनकी वैवाहिक वर्षगांठ पर सभी सदस्यों ने बधाई दी।



**अंबाला।** नए कार्यालय के शुभारंभ पर सोसायटी पदाधिकारी।

### ये रहे मौजूद

बैठक में एडवोकेट देवी दयाल भारद्वाज (महासचिव), सुमित मेंदीरत्ता, कुलभूषण राणा, विनोद मेहता, महेंद्र पाल शर्मा सौंडा, धर्मपाल शर्मा सौंडा तथा संजय गौड़ सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधान कृष्ण गोपाल धीमान ने धर्म सिंह जस्सल का आभार व्यक्त करते हुए सभी पुराने सदस्यों से कम से कम एक-एक नया सदस्य जोड़ने का आह्वान किया।

### 27 हजार से ज्यादा किसानों ने करवाया पंजीकरण

**शहजादपुर।** उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. नरेश ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल को लेकर बताया कि खरीफ सीजन 2026-27 के लिए पोर्टल खुला हुआ है। अभी तक पोर्टल के अनुसार जिला के लगभग 27,075 किसानों ने 1,29,806.81 एकड़ व खंड नारायणगढ़ के लगभग 6196 किसानों द्वारा 25,041.08 एकड़ व खंड शहजादपुर के लगभग 3068 किसानों द्वारा 14,042.10 एकड़ का पंजीकरण करवा लिया गया है। उन्होंने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण के विभिन्न फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि मंडियों में अपनी फसलों के अनाज को सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए पंजीकरण करवाना आवश्यक हैं। इसके साथ ही सरकार ने खाद वितरण प्रणाली को दुरूस्त करते हुए खाद वितरण को भी इसी से जोड़ दिया है। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे धान कि सीधी बिजाई, मेरा पानी मेरी विरासत, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण, फसल अवशेष प्रबंधन व दलहन आत्मनिर्भरता मिशन जैसी अन्य महत्वपूर्ण स्कीमों का लाभ लेने के लिए भी पंजीकरण करवाना आवश्यक हैं।

## प्रशासन व सामाजिक संगठनों के बीच बेहतर तालमेल बेहद जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में अधिकारियों की संवेदनशीलता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आईएएस अनिरुद्ध यादव की गिनती ऐसे ही अधिकारियों में होती हैं। यादव अभी नारनौल में बतौर एसडीएम कार्यरत हैं। प्रशासनिक दायित्वों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों का उत्साहवर्धन करने के लिए भी सदैव तत्पर रहते है। बीते रोज आईएएस अनिरुद्ध यादव ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद जिले के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता बिरेंद्र सिंह से मुलाकात की। बिरेंद्र अभी शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। इस दौरान दोनों के बीच समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। आगामी दिनों में जनकल्याण, युवाओं की सहभागिता, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता जैसे सामाजिक अभियानों को और प्रभावी बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। बिरेंद्र सिंह लंबे समय से महेंद्रगढ़ जिले में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे है।



## विशेष रियायत योजना के तहत नगर निगम को मिला 3.21 करोड़ का टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विशेष रियायत योजना के तहत नगर निगम ने इस बार 3.21 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स जुटाया है। नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त दीपक सूरा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स के बकाया ब्याज में दी गई विशेष रियायत (रिबेट) योजना का इस बार प्रॉपर्टी मालिकों ने भरपूर फायदा उठाया है। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में प्रॉपर्टी धारकों ने अपने बकाया टैक्स का भुगतान किया, जिससे उन्हें ब्याज में राहत भी प्राप्त हुई। सरकार की इस विशेष रियायत योजना का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाने के लिए नगर निगम अंबाला द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चल कर प्रॉपर्टी धारकों को योजना की जानकारी उपलब्ध करवाई गई, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक इस अवसर का लाभ उठा सके। उन्होंने बताया कि नगर निगम के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए और बड़ी संख्या में प्रॉपर्टी धारकों ने अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराया। इसके परिणामस्वरूप नागरिकों को ब्याज में लगभग 1 करोड़ की रियायत का लाभ मिला।

### टैक्स बकाया पर होगी कार्रवाई

31 जुलाई के बाद जिन प्रॉपर्टी धारकों का टैक्स बकाया रहेगा, उन्हें नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किए जाएंगे। इसके उपरांत नियमानुसार बकाया प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। इसलिए सभी प्रॉपर्टी धारकों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना टैक्स जमा कराकर किसी भी प्रकार की अनावश्यक कार्रवाई से बचें। सूरा ने नागरिकों से समय पर प्रॉपर्टी टैक्स जमा कर नगर निगम के विकास कार्यों में सहभागी बनने तथा भविष्य में अतिरिक्त शुल्क एवं ब्याज से बचने की भी अपील की।

## टाटा पावर ने पंजाब में लॉन्च किया 'घर घर सोलर' कैंपेन



**चंडीगढ़।** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के हिस्से और टाटा पावर की सहायक कंपनी, टाटा पावर सोलरूफ ने आज पंजाब में अपने प्रमुख अभियान 'घर घर सोलर' कैंपेन की शुरुआत की। इसके साथ ही टाटा पावर बैटरी स्टोरेज समाधान भी पेश किए गए हैं, जो पूरे राज्य में स्वच्छ, विश्वसनीय और किफायती ऊर्जा तक पहुंच को मजबूत करेंगे। यह अभियान पंजाब के आवासीय उपभोक्ताओं, व्यवसायों और कृषि समुदायों की बदलती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य एक एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा इकोसिस्टम बनाना है जो ऊर्जा उत्पादन, स्टोरेज और खपत का समर्थन करता है। नवीन तकनीक, फाइनेंसिंग सहायता और स्थानीय सामुदायिक भागीदारी को एक साथ लाकर, टाटा पावर का लक्ष्य शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण बाजारों में स्वच्छ, अधिक टिकाऊ और आत्मनिर्भर ऊर्जा समाधानों की ओर संक्रमण को तेज करना है। लॉन्च इवेंट में बोलते हुए, टाटा पावर के सीईओ और एमडी, डॉ. प्रवीर सिन्हा ने कहा: "बढ़ती उपभोक्ता जागरूकता, बिजली की बढ़ती मांग और टिकाऊ जीवन के प्रति मजबूत झुकाव के कारण पंजाब वितरित नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के लिए तेजी से एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में उभर रहा है।

### बंद रहेंगी फोटोस्टेट की दुकानें

**अंबाला।** जिलाधीश एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के सफल आयोजन को लेकर जिला में 4 जुलाई 2026 व 5 जुलाई 2026 को प्रातः 5 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक इसके मद्देनजर परीक्षाओं को नकल रहित, शांति पूर्ण व सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशों के तहत परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में अनाधिकृत व्यक्ति व मोबाईल ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ-साथ परीक्षा केंद्रों के नजदीक फोटो स्टेट की दुकानें 4 जुलाई 2026 व 5 जुलाई 2026 को प्रातः 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक जाने के आदेश जारी किए हुए हैं। आदेशों की अवेहलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने अपने आवास पर सुनी विस क्षेत्र के लोगों की समस्याएं

# प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में बह रही है विकास की बयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत अपने कार्यालय "सेवालय" में विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान अधिकांश समस्याओं का उन्होंने मौके पर ही समाधान किया। कुछ शिकायतें कार्रवाई के लिए र संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजी गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश की 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्यों को करवाने का काम किया जा रहा है। अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में भी अनगिनत ऐसे विकास कार्य हैं जिन्हें करवाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर विधानसभा क्षेत्र में भी निरंतरता में विकास कार्यों की ब्यार बह रही है। यहां लोगों ने सीवरेज, बिजली विभाग समेत अन्य विभागों की समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा। इस दौरान निगम सदस्य हितेश जैन,विशाल राणा,राजेश मेहता,कमल गुप्ता,गुरप्रीत सिंह शाना, जसविंदर सिंह,गुरचरण सिंह भाजपा नेता दिनेश लदाना सुंदर ढींगरा,मुनीष मल,अजय चावला,रोमी ग्रोवर,संजीव गोयल, ,बीनू गर्ग,शेर सिंह,अमरजीत ,योगेश साहनी,अनिल सैनी,निर्मल सिंह,गुरजंट सिंह,रजनीश भल्ला ० अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

### सब्सिडी के चेक किए वितरित

इस दौरान पूर्व मंत्री असीम गोयल ने बिजली विभाग की महत्वपूर्ण "पीएम सूर्यघर योजना" के अंतर्गत सोलर पैनल लगवाने वाले लोगों को राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी के चेक भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में सरकार द्वारा नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावशाली योजनाएं शुरू की गई हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत नगर सेवक असीम गोयल ने अपना एसआईआर गणना प्रपत्र भरकर अभियान में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे भी समय पर अपना गणना प्रपत्र भरें। मतदाता सूची को सही बनाने में अपना योगदान दें।लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।